आकाशवाणी मध्यप्रदेष से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

**दिनांक : 12.06.2025** **समय : 07.10pm**

# मुख्य समाचार

- अहमदाबाद से लंदन जा रहा विमान अहमदाबाद हवाई अड्डे पर हुआ दुघर्टनाग्रस्त, विमान में 242 यात्री थे सवार।
- दुघर्टना स्थल पर बचाव और राहत कार्य जारी, राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री ने जताया दुख।
- विकसित कृषि संकल्प अभियान का हुआ समापन, केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा, अभियान ने वैज्ञानिकों और कृषकों के बीच घटाई दूरी।
- मुख्यमंत्री कल जबलपुर में लाड़ली बहना योजना की 25वीं किश्त करेंगे जारी।

**अब समाचार विस्तार से........**

**गुजरात विमान दुर्घटना**

गुजरात के अहमदाबाद से लंदन जा रहा एयर इंडिया का यात्री विमान आज अहमदाबाद हवाई अड्डे के पास मेघानी नगर इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। उड़ान संख्या एआई-171 के इस विमान में दो सौ बयालीस लोग सवार थे, जिनमें 2 पायलट और 10 केबिन क्रू शामिल थे। यात्रियों में से एक सौ उन्नहत्तर भारतीय नागरिक, 53 ब्रिटिश नागरिक, एक कनाडाई और 7 पुर्तगाली नागरिक सवार थे। घायलों को नजदीकी अस्पतालों में ले जाया जा रहा है। दुर्घटना स्थल पर राहत और बचाव कार्य में राष्ट्रीय आपदा कार्रवाई बल सहित स्थानीय पुलिस और अग्निशमन की टीमें लगी हुई है। घटना में के बारे में गुजरात से स्वास्थ्य विभाग के एडिशनल चीफ सेक्रेटी धनंजय द्वेदी ने आकाशवाणी को बताया।

इस बीच नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने बताया कि सभी विवरणों के समन्वय के लिए मंत्रालय में एक परिचालन नियंत्रण कक्ष सक्रिय किया गया है, जिसका संपर्क नंबर 011-24610843 और 9650391859 है। अधिक जानकारी प्रदान करने के लिए एयर इंडिया ने एक अन्य यात्री हॉटलाइन, 1800 5691 444 भी स्थापित की है।

**सेना-विमान दुर्घटना**

भारतीय सेना ने अहमदाबाद में एयर इंडिया विमान दुर्घटना के बाद चल रहे मानवीय सहायता और आपदा राहत प्रयासों में स्थानीय प्रशासन की सहायता के लिए लगभग **एक सौ तीस** कर्मियों वाली टीमों को तैनात किया है। भारतीय सेना ने एक बयान में कहा कि इसकी प्रतिक्रिया में मलबा

हटाने के लिए जेसीबी, इंजीनियरिंग टीम, डॉक्टरों और मेडिकल टीम, त्वरित कार्रवाई दल, अग्निशामक यंत्रों और पानी के बोवर और साइट प्रबंधन के लिए प्रोवोस्ट स्टाफ शामिल हैं। सैन्य अस्पताल को भी स्टैंडबाय पर रखा गया है।

**विमान दुर्घटना प्रतिक्रिया**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने विमान हादसे पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह एक हृदय विदारक आपदा है और उनकी संवेदनाएं प्रभावित लोगों के साथ हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि दुख की इस घड़ी में पूरा देश प्रभावितों के साथ खड़ा है।

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अहमदाबाद में हुए दुर्भाग्यपूर्ण विमान हादसे पर दुख व्यक्त किया। उपराष्ट्रपति ने अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं और सभी प्रभावित लोगों के लिए प्रार्थना की।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस दुर्घटना को शब्दों से परे हृदय विदारक बताया है। श्री मोदी ने कहा कि वे मंत्रियों और अधिकारियों के संपर्क में हैं जो प्रभावित लोगों की सहायता के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस दुखद घड़ी में उनकी संवेदनाएं सभी प्रभावित लोगों के साथ हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने इस दुर्घटना के बारे में गृह मंत्री अमित शाह और नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू से बातचीत की है। उन्होंने स्थिति का जायजा लिया है।

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि विमान हादसे की घटना दिल दहला देने वाली है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री गांधी ने कहा कि यात्रियों और चालक दल के सदस्यों के परिवार जिस दर्द और चिंता को महसूस कर रहे होंगे, वह अकल्पनीय है।

**प्रदेश प्रतिक्रया**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी विमान दुर्घटना पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि दुर्घटना के समाचार अत्यंत दुखद एवं हृदय विदारक है। प्रदेश के अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी घटना पर दुख जताया है । इस बीच भाजपा संगठन और सरकार ने आज अपने सभी कार्यक्रम हादसे के बाद रद्द कर दिए हैं। प्रदेश के कई जिलों में आज बीजेपी की जिला ईकाईयों द्वारा प्रोफेशनल मीट के आयोजन किए जाने थे। कुछ जिलों में संकल्प से सिद्धि की प्रेस कॉन्फ्रेंस भी प्रस्तावित थीं। इन सभी रद्द कर दिया गया। वहीं अहमदाबाद एयरपोर्ट पर हुए भीषण विमान हादसे के चलते भोपाल से अहमदाबाद जाने वाली फ्लाइट को रद्द कर दिया गया है। यह फ्लाइट आज दोपहर 2:40 पर भोपाल से रवाना होनी थी ।

**विकसित कृषि संकल्प अभियान**

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि विकसित कृषि संकल्प अभियान जमीनी स्तर पर किसानों की समस्याओं और चुनौतियों को समझने में मदद करेगा। इस अभियान के समापन के अवसर पर गुजरात के बारडोली में किसान सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री चौहान ने भारत के कृषि पुनर्जागरण के लिए केंद्र सरकार के महत्वाकांक्षी रोडमैप को रेखांकित किया। श्री चौहान ने व्यापक विकसित भारत पहल के अंतर्गत विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत जमीनी स्तर की खेती के तरीकों के साथ वैज्ञानिक अनुसंधान के एकीकरण पर जोर दिया।

**संबल योजना**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल संबल योजना अंतर्गत, 6821 प्रकरणों में 150 करोड़ रूपये सिंगल क्लिक से अंतरित करेंगे। जबलपुर के बरगी में होने वाले इस कार्यक्रम में श्रम, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, उपस्थित रहेंगे। प्रदेश में संबल योजना, असंगठित क्षेत्र में कार्यरत लाखों श्रमिकों के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण योजना है। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की 25वीं किस्त भी जारी करेंगे। उन्होंने सोशल मीडिया पर बताया कि सरकार का सशक्त नारी, समृद्ध मध्यप्रदेश का वादा है जिसके तहत 1250 रुपए की राशि महिलाओं के खातों में अंतरित की जाएगी।

**मोटापा**

प्रदेश में आज ग्लोबल फैटी लिवर दिवस पर कई जागरुकता कार्यक्रम किए गए। जिला चिकित्सालय मंदसौर से जागरूकता रैली निकाली गई। स्वस्थ्य यकृत मिशन अंतर्गत जिले की 5 लाख 80 हजार 280 व्यक्तियों की स्क्रीनिंग का लक्ष्य रखा गया है । आयुष्मान आरोग्य मंदिर, पीएचसी, सिविल अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं जिला चिकित्सालय मंदसौर में नि:शुल्क स्क्रीनिंग की जा रही है। इसमें विशेष रूप से मोटापे की जांच की जा रही है और बी.एम.आई 23 से अधिक होने पर तत्काल जॉच करवाने को कहा जा रहा है।

**रक्तदान शिविर**

विश्व रक्तदान दिवस 14 जून को मनाया जाएगा इस अवसर पर प्रदेश में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। शहडोल जिले में अधिक से अधिक से रक्त संग्रह के लिए इस पूरे माह रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। ये शिविर शहरी क्षेत्र के साथ ही ग्रामीण अंचल

में संचालित प्राथमिक व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में आयोजित हों रहे हैं। उपस्वास्थ्य केंद्र जमुई, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जयसिहंनगर और सिविल अस्पताल ब्यौहारी में शिविर का आयोजन किया जा चुका है। 14 जून को जिला मुख्यालय सहित 3 स्थानों पर एक साथ रक्तदान शिविर लगाए जाएंगे।

**श्रमिक छात्रवृति**

केंद्र सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा संचालित "शिक्षा के लिये वित्तीय सहायता योजना" के अंतर्गत राज्य के बीड़ी, चूना पत्थर एवं डोलोमाईट, लौह-मैग्नीज-क्रोम अयस्क खदान श्रमिकों के बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में प्रोत्साहन के लिये छात्रवृत्ति दी जाएगी। योजना के तहत मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थानों में पहली से लेकर उच्च शिक्षा तक छात्र-छात्राओं को एक हजार रुपये से पच्चीस हजार रुपये तक छात्रवृत्ति दी जाएगी। इसके लिए आवेदन 2 जून से प्रारंभ हो गए हैं। नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल (https://scholarships.gov.in) पर आवेदन किए जा सकते है। प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 31 अगस्त तथा पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए अंतिम तिथि 31 अक्टूबर है।

**अब कुछ समाचार संक्षेप में**

- प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना अंतर्गत एक दिवसीय डीआरपी-बैंकर्स संवाद कार्यशाला का आयोजन कल 13 जून को आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधन आकदमी भोपाल में आयोजित की जायेगी।
- झाबुआ जिले के मेघनगर में कल लघु उद्योग भारती के सहयोग से उद्योगों के विस्तार एवं कार्य पद्धति में सुधार के लिए कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है।
- नीमच में आज पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रहलाद सिह पटेल ने टाउनहॉल में आयोजित जिले के पंच, सरपंच सम्मेलन को संबोधित किया।
- मंदसौर में कलेक्टर अदिती गर्ग की अध्यक्षता में अत्याचार निवारण अधिनियम सतर्कता मोनिटरिंग समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई।
- जबलपुर नगर निगम ने आज सुभाष चंद्र बोस कन्वेंशन हॉल में पहली बार सफाई कर्मचारियों के सम्मान में एक कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें लगभग 5 हजार सफाई कर्मचारियों को आमंत्रित किया गया।

- देवास जिले जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं साफ सफाई के लिए जल गंगा संवर्धन अभियान में आज सोनकच्छ के भैसाखेडी तालाब का सीमांकन कर अवैध गुमठियों को हटाया गया।

...............................